# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**01.01.2026/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे**

**प्रधानमंत्री–जीडीपी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की 7 दशमलव 8 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि एक सौ 40 करोड़ देशवासियों की मेहनत और सामूहिक संकल्प का परिणाम है। आज सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड महामारी के बाद से जारी युद्ध और वैश्विक अस्थिरता जैसी चुनौतियों के बावजूद भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास की इस गति को बनाए रखने के लिए आत्मनिर्भर भारत बनना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से स्वदेशी अपनाने, वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने और भारत में बने उत्पादों का समर्थन करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यदि सभी देशवासी स्वदेशी को अपनाने की आदत डालें, तो आजादी के सौ वर्ष पूरे होने तक विकसित भारत का संकल्प पूरा किया जा सकेगा।

**प्रश्नकाल**

प्रदेश में पिछले तीन वर्षों में 2 हज़ार 35 संस्थानों को डिनोटिफाई किया गया है जबकि 3 सौ 62 नए संस्थान खोले गए हैं। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, विधायक रणधीर शर्मा और त्रिलोक जम्वाल के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन में से एक सौ 23 संस्थान ऐसे हैं जिन्हें बंद करने के बाद उसी स्थान पर दोबारा खोल दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां संस्थानों की वास्तविक जरूरत होगी, वहां उन्हें खोला जाएगा और आवश्यक स्टाफ भी उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार जरूरत आधारित संस्थान खोलने के पक्ष में है। मुख्यमंत्री ने पूर्व भाजपा सरकार पर चुनाव से कुछ महीने पहले राजनीतिक लाभ के लिए संस्थान खोलने की घोषणाएं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई संस्थान खोल दिए गए, लेकिन वहां पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था नहीं की गई। विधायक सुखराम चौधरी के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार जातीय जनगणना के आंकड़े आने के बाद ओबीसी आरक्षण पर विचार करेगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में ओबीसी आयोग का गठन किया गया है और आयोग भी इस विषय पर मंथन कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ओबीसी वर्ग का कल्याण राजनीतिक लाभ के लिए नहीं बल्कि उनके हित के लिए करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सुप्रिम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अलग–अलग क्षेत्रों में आरक्षण की व्यवस्था है और जातीय जनगणना के बाद कई तथ्य सामने आएंगे।

**जयराम ठाकुर**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लेकर बहुत बड़ी गलतफहमी है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस को राहुल गांधी के नेतृत्व को लेकर अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करना चाहिए। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस लगातार बेबुनियाद मुद्दों को उठाकर जनता का ध्यान वास्तविक समस्याओं से भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का पद एक संवैधानिक पद है ऐसे में उनका धरने में शामिल होना उचित नहीं हैं। नेता प्रतिपक्ष ने पैंशनरों के धरने को लेकर कहा कि सरकार को उनकी मांगों को गंभीरता से सुनना चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि विपक्ष पैंशनरों की मांगों को विधानसभा में प्रमुखता से उठाएगा।

**अतिक्रमण**

सोलन जिला प्रशासन ने आज से 3 दिवसीय अतिक्रमण हटाने की विशेष मूहीम शुरू की है। उपमंडलाधिकारी नीरजा शर्मा ने बताया कि इसके तहत कालका–शिमला राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर नगर निगम सोलन के क्षेत्र सहित शहर में भी अतिक्रमण हटाया जाएगा। उन्होंने अतिक्रमणकारियों से आग्रह किया है कि नगर निगम व प्रशासन द्वारा अधिकृत स्थानों पर ही व्यापार करें, ताकि राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी न हो।

---